भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2219
दिनांक 31 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए

आंध्र प्रदेश में सखी वन स्टॉप केंद्र

2219. **श्री बस्तीपति नागराजूः**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आंध्र प्रदेश में पिछले पांच वर्षों के दौरान 'वन स्टॉप केंद्र' (ओएससी) के अंतर्गत सहायता पाने वाले लाभार्थियों का वर्ष-वार और केंद्रवार ब्यौरा क्या है, साथ ही ली गई सेवाओं की श्रेणी क्या है;
(ख) उक्त राज्य में ओएससी में सोशल काउंसलर, केस वर्कर और विधिक सहायता कार्मिकों के पदों पर रिक्तियों का जिले-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त राज्य में पिछले पांच वर्षों के दौरान इस योजना के अंतर्गत आवंटित/उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) आंध्र प्रदेश में पिछले पांच वर्षों के दौरान ओएससी से पुलिस, अस्पतालों, विधिक सेवा प्राधिकरणों और आश्रय गृह में भेजे गए मामलों की वर्ष-वार और जिले-वार संख्या कितनी है और ऐसे मामलों के क्या परिणाम निकले हैं?

उत्तर
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) और (ख): महिलाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) योजना 1 अप्रैल, 2015 से कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना में देश भर में सार्वजनिक एवं निजी दोनों स्थानों पर हिंसा से प्रभावित एवं संकटग्रस्त महिलाओं को एक ही स्थान पर चिकित्सीय सहायता, कानूनी सहायता एवं परामर्श, अस्थायी आश्रय, पुलिस सहायता तथा मनो-सामाजिक परामर्श जैसी

समेकित सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है। अब तक, देश भर में 988 वन स्टॉप सेंटर कार्यशील हैं, जिनके द्वारा आंध्र प्रदेश सहित देश भर में 15.20 लाख से अधिक महिलाओं को सहायता प्रदान की गई है। आज की स्थिति के अनुसार आंध्र प्रदेश में 36 ओएससी कार्यशील हैं। पिछले पांच वर्षों अर्थात वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक आंध्र प्रदेश में ओएससी के माध्यम से सहायता प्राप्त करने वाली महिलाओं की संख्या इस प्रकार है:

वर्ष	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**
सहायता प्राप्त प्राप्त करने वाली महिलाओं की संख्या	4049	4356	2993	3134	4911

केंद्र सरकार प्रत्येक ओएससी में 1 केंद्र प्रशासक, 2 केस वर्कर, 1 मनो-सामाजिक परामर्शदाता, 1 पैरा लीगल कार्मिक/वकील तथा 1 पैरा मेडिकल कार्मिक सहित कुल 13 मानव संसाधनों की नियुक्ति/भर्ती के लिए राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को 100% वित्तीय सहायता प्रदान करती है। ओएससी योजना के समग्र कार्यान्वयन की जिम्मेदारी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन की है।

(ग): पिछले पांच वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश में वन स्टॉप सेंटर योजना के अंतर्गत जारी की गई निधियों का वर्ष-वार विवरण इस प्रकार है –

वित्तीय वर्ष	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**
जारी की गई निधि	249.56	72.95	605.57	189.06	1207.86

(घ): पिछले पांच वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश में ओएससी से पुलिस, अस्पतालों, विधिक सेवा प्राधिकरणों और आश्रय गृहों को भेजे गए मामलों की संख्या इस प्रकार है –

वर्ष	**पुलिस**	**अस्पताल**	**विधिक सेवा प्राधिकरण**	**आश्रय गृह**	**कुल**
2021-22	125	123	77	98	423
2022-23	222	142	63	61	488
2023-24	205	145	57	63	470
2024-25	233	227	93	180	733
2025-26	429	266	103	270	1068
कुल	**1214**	**903**	**393**	**672**	**3182**

*****